# राजकीय महाविद्यालय
## नलवा (हिसार)

# वार्षिक प्रतिवेदन
## 2021-2022

**डॉ० वन्दना शर्मा**
प्रभारी
वार्षिक प्रतिवेदन

**श्रीमती सुनीता संदीप**
प्राचार्या

# वार्षिक प्रतिवेदन
## 2021-22

ग्रामीण अंचल में स्थापित यह शैक्षणिक संस्थान गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय के अंतर्गत नियमित विद्यार्थियों को शिक्षा देने तथा मार्गदर्शन करने में अपना प्रमुख स्थान बनाए हुए हैं। महाविद्यालय अपनी परम्परा व विकास को ध्यान में रखते हुए उतरोत्तर समृद्धता की ओर निरन्तर बढ़ रहा है। वर्ष 2021–22 में जो उपलब्धियां प्राप्त की है उनमें विद्यार्थियों का समस्त विकास प्रतिबिंबित होता है। महाविद्यालय में समस्त विष्यों एवं विभागों कि परिषद एवं प्रकोष्ठ का गठन किया गया है, जिनके अंतर्गत छात्र छात्राओं का शैक्षणिक के अलावा सांस्कृतिक, साहित्यक, खेलकूद, एन एस एस आदि में भी निरंतर विकास होता है। इस महाविद्यालय के विद्यार्थी तथा शैक्षणिक स्तर की आयोजि प्रतियोगिता क्रीडा क्षेत्र में क्षेत्रीय–अंतरक्षेत्रीय, राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में पदक एवं चलविजयापहार प्राप्त करते रहे हैं।

इस महाविद्यालय से पढ़कर जाने वाले विद्यार्थी सामाजिक, वाणिज्यक, साहित्यिक, तथा आर्थिक क्षेत्र में अपनी प्रतिभा से देश के गौरव में वृद्धि कर रहे है तथा एक आदर्श नागरिक के रूप में अपना जीवन सफलतापूर्वक जी रहे हैं। वर्तमान में अनेक विद्यार्थी विश्वविद्यालय तथा महाविद्यालय में प्रोफेसर के पद पर एवं राजनीतिक पदों को सुशोभित कर रहें हैं।

1. **महाविद्यालय का नैक मूल्यांकन :** राजकीय महाविद्यालय, नलवा (हिसार) को वर्ष 2021–22 में अगस्त 24 व 25, 2021 को एक टीम ने सात मानाकों के आधार पर ग्रेड देने के लिए विजिट किया, जिसमें ग्रामीण क्षेत्र में स्थापित होने के कारण महाविद्यालय के करिकुलर एस्पेक्ट्स–टीचिंग लर्निंग एण्ड इवेलुएशन, रिसर्च एण्ड एक्सटेंशन, इंफ्रास्ट्र एण्ड लर्निंग रिसोर्स, लर्नर सपोर्ट एण्उ प्रोग्रेशन, गवर्नेस लीडरशिप एण्ड मैनेजमेंट, इंस्टिटयूशन वैल्यू एण्ड बेस्ट प्रैक्टिस को आधार बनाकर इंस्पेक्शन किया गया जिसमें महाविद्यालय को ग्रेड **B with CFPA 2.47** प्राप्त हुआ जो कि गर्व का विषय है इसमें सेवानिवृत प्रो. सुनीता संदीप के साथ–साथ महाविद्यालय का समस्त टीचिंग–नॉन टिचिंग स्टाफ बधाई के पात्र है।

2. **University Inspection** : 7 दिसंबर 2021 को गु॰ ज॰ वि॰ की तरफ से प्रो॰ अनीश अग्रवाल के नेत्तृव में डॉ॰ मोना शर्मा के द्वारा महाविद्यालय का निरीक्षण किया गया। यह इन्सपेक्सन **B.Sc.** नान मेडिकल फील्ड में एक यूनिट बढ़ाए जाने के विषय में किया गया।

3. **कोर्स** : सन् 1981 में महाविद्यालय की स्थापना के साथ दो संकाय **कला** और **वाणिज्य** आरंभ किए गए। वर्तमान में कला संकाय के अंतर्गत हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, इतिहास, राजनीति–विज्ञान, अर्थशास्त्र, गणित, भूगोल, मनोविज्ञान व कंप्यूटर साइंस का अध्ययन करवाया जाता है। सत्र 2018–19 से साईंस संकाय भी सुचारू रूप से चल रहा है।

4. **महाविद्यालय में साईंस लैब की स्थापना** : सत्र 2020–21 में साईंस संकाय में एक कैमेस्ट्री और एक फिजिक्स लैब की स्थापना की गई है।

5. **महाविद्यालय में प्रवेश संख्या** : सन 1981 में इस महाविद्यालय का आरम्भ मात्र 100 विद्यार्थियों के प्रवेश के साथ हुआ था। सत्र 2021–22 में महाविद्यालय की कुल संख्या 8 का आंकड़ा पर कर गई है। वर्तमान में 320 सीटें–**कला संकाय**, 80 सीटें–**वाणिज्य संकाय** तथा 40 सीटें **साईंस** संकाय में उपलब्ध है। इससे पहले कला संकाय में केवल 240 विद्यार्थियों को ही प्रवेश दिया जाता था। इसके प्रभारी श्री अनिल गौतम बधाई के पात्र हैं।

6. **संबद्धता :** राजकीय महाविद्यालय, नलवा–हिसार की संबद्धता वर्ष 2017–18 में गुरू जम्भेश्वर साईंस तथा तकनीकी विश्वविद्यालय, हिसार से की गई है। इससे पहले यह महाविद्यालय कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरूक्षेत्र से संबद्ध था।

7. **ऑनलाइन एडमिशन प्रकिया** : प्रवेश प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने हेतु व कोविड–19 की इस वैश्विक महामारी को ध्यान में रखते हुए **DGHE** के निर्देशानुसार महाविद्यालय में ऑनलाइन एडमिशन की सुविधा है जिसमें विद्यार्थी स्वयं अपना फॉर्म ऑनलाइन भरकर, मेरिट लिस्ट देखकर अपना एडमिशन करवा सकते हैं। विभाग के द्वारा **फाउंटेशन बुकलेट** तैयार की जा रही है जिसे विद्यार्थीयों में विपरित किए जाने की योजना है। इसके प्रभारी श्री अनिल गौतम हैं।

8. **कॉलेज पोर्टल** : महानिदेशक उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा–पंचकूला के पोर्टल पर महाविद्यालय की वेबसाइट है। विद्यार्थी इस पर ऑनलाइन एडमिशन, विभिन्न प्रकार से संबंधित कार्यक्रम, महाविद्यालय में होने वाले विभिन्न आयोजन तथा सेमेस्टर परीक्षा से संबंधित पूर्ण जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। हमारे महाविद्यालय की डोमेन **(Domain) ID** का लिंक **gcnalwa.ac.in** है। इस पर भी महाविद्यालय की गतिविधियों की समस्त जानकारी उपलब्ध है। इसके लिए बधाई के पात्र श्री अनिल गौतम हैं।

9. **लेसन प्लान** : कक्षा में सफल एवं प्रभावी शिक्षण हेतु लेसन प्लान आवश्यक है। विद्यार्थियों को प्रतिदिन पढ़ाई जाने वाली विषयों से संबंधित प्राध्यापक/प्रध्यापिकाएं है अपनी पाठ योजना महाविद्यालय पोर्टल व डोमेन **(Domain) ID** लिंक पर उपलब्ध करवाते हैं। कक्षा में जाने से पहले विद्यार्थी इसे नोटिस बोर्ड या पोर्टल पर देख सकते हैं तथा संबंधित कक्षा के अनुरूप अपनी योजना तैयार कर सकते हैं।

10. **LMS & MIS PORTAL** : उच्चतर शिक्षा विभाग, पंचकुला के द्वारा राज्य में सरकारी कॉलेजों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए **LMS** ऐप्प लॉन्च किया है। यह एक सभी सरकारी कॉलेजों में उपस्थित, अटेंडेंस शीट ऑनलाइन एडमिशन और छात्रवृत्ति से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराएगी। इस ऐप के जरिए विद्यार्थियों और शिक्षकों को महत्तवपूर्ण ऑफिस सर्कुलर और अन्य कार्यक्रमों से संबंधित जानकारी तेजी से मिल जाती है। कोविड–19 की इस वैश्विक

महामारी के दौरान लॉकडाउन मे सरकार द्वारा ई–लर्निंग शिक्षा का आदेश **Work-From-Home** नीति के तहत जारी किया गया। महाविद्यालय के सभी टीचिंग स्टाफ ने **LMS/MIS** पोर्टल के माध्यम से ही अपना ई–लर्निंग प्रोसेस पूर्ण कर विद्यार्थियों को लाभान्वित किया गया। इसके प्रभारी श्री अनिल गौतम है।

11. **दृष्टि एप** : दृष्टि ऐप भी ई लर्निंग का एक सफल माध्यम है। कोविड–19 की इस वैश्विक महामारी में लॉक डाउन के दौरान **work-from-home** नीति के तहत इस ऐप की सुविधा का भरपूर लाभ विद्यार्थियों द्वारा उठाया गया है।

12. **ई–पाठशाला** : सत्र 2021–22 में कोविड–19 की वैश्विक महामारी के दोरान ई लर्निंग को समृद्ध करने हेतु इस ऐप का निर्माण किया गया है। यह नवीन ऑगमेंटेड रियलिटी प्रणाली को कार्य करता है, जिसमें वस्तुओं को सजीव अनुभव करवाया जाता है। इस एप्प का प्रयोग व इसका लाभ भी महाविद्यालय के स्टाफ और विद्यार्थियों द्वारा उठाया जा रहा है।

13. **स्पोकन ट्यूटोरियल और स्वयं पोर्टल** : भारत सरकार द्वारा शुरु किया गया ऑनलाइन लर्निंग पोर्टल स्वंय पोर्टल है। जिसका उद्‌देश्य विद्यार्थियों तक डिजिटल शिक्षा पहुंचाना है। स्वंय पोर्टल भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय और अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा माइक्रोसॉफट की मदद से तैयार किया गया ऑनलाइन एजुकेशन पोर्टल है।

14. **श्रेयस पोर्टल** : **BA/B.Com./B.Sc.** तृतीय वर्ष के छात्रों को उच्च शिक्षा विभाग के यूथ **Apprenticeship** एंड स्किल्स की जानकारी देने के लिए श्रेयस पोर्टल शुरु किया गया। इस पर विद्यार्थी स्वंय को रजिस्टर करवाते हैं तथा डिग्री पूरी होने के बाद उन्हें 6 महीने **Apprenticeship** तहत काम करने का अवसर दिया जाता है। जिसमें उन्हें 6000 महीने स्टाइफंड भी दिया जाता है। इसके लिए श्री विनोद गिल बधाई के पात्र हैं।

15. **कंप्यूटर की अनिवार्यता संबंधी जागरुकता कार्यक्रम** : डिजिटल इंडिया को सफल बनाने हेतु महाविद्यालय में दो कंप्यूटर प्रयोगशालाएं स्थापित की गई है, जिसमें 50 कंप्यूटर तथा इंटरनेट की सुविधा विद्यार्थियों को उपलब्ध करवाई जा रही है। कंप्यूटर की अनिवार्यता संबंधी जागरुकता कार्यक्रम के तहत बी.ए. प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों की कक्षाएं लगाई जाती है जिसमें बेसिक कंप्यूटर की जानकारी दी जाती है। यह कक्षाएं अनुदेशक डॉ॰ राकेश के द्वारा ली जाती है।

16. **आतंरिक गुणवत्ता प्रमाणन प्रकोष्ठ** : **आंतरिक गुणवत्ता प्रमाणन प्रकोष्ठ (IQAC)** महाविद्यालय में स्थापित किया गया है जिसके द्वारा शिक्षण की गुणवत्ता में सुधार के लिए ऐसी व्यवस्था को विकसित करना है, जो महाविद्यालय में निरंतर तथा उत्प्रेरक सुधार करने में सहायक सिद्ध हो। इस प्रकोष्ठ की प्रभारी श्रीमती निर्मला है। सत्र 2020–21 में महाविद्यालय की **(IQAC)** कमेटी के द्वारा अक्तुबर 2021 में ''ऑनलाइन फ्राड'' विषय पर विस्तार व्याख्यान करवाया गया। फरवरी 2022 में महाविद्यालय में **श्रमदान दिवस** मानया गया।

17. **कॉलेज पत्रिका** : महाविद्यालय पत्रिका महाविद्यालय का दर्पण होती है। महाविद्यालय के विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित व विकसित करने के लिए हमारा महाविद्यालय एक वार्षिक पत्रिका ''**सोनजूही**'' का प्रकाशन कार्य करता है, जिसमें विभिन्न विभागों के अंतर्गत छात्र–छात्राओं की मौलिक रचनाओं को स्थान दिया जाता है। इस पत्रिका में विद्यार्थियों की रचनातमक लेखन प्रतिभा करके प्रोत्साहित करने का कार्य संपन्न करने में ''**सोनजूही**'' पत्रिका की मुख्य संपादिका ाक श्रीमती सुनीता संदीप (इतिहास) विभाग का बहुमूल्य योगदान रहा है।

18. **पुस्तकालय** : पुस्तकालय किसी भी शैक्षणिक संस्था का आधार स्तंभ होता है। हमारे महाविद्यालय में एक आधुनिक पुस्तकालय है, जिसमें 16126 पुस्तके है और 1446 पुस्तके बुक बैंक में है। सत्र 2021–22 में विद्यार्थियों के **computer-generated** आई कार्ड बनाए गए तथा पुस्तकों के **Issue-Return** से संबंधित **यूजर** अकाउंट भी खोले गए हैं। पुस्तकों के **Issue-Return** का कार्य **Soul Software 2.0** के माध्यम से किया जाता है। इस सत्र में पुस्तकालय में 323353 राशि को एक साल की पत्र–पत्रिकाओं के सबस्क्रिप्सन, रंगीन प्रिंटर, फोटोकॉपी करने की मशीन खरीदी गई, ब्रिटिश लाईब्ररी की सदस्यता, डेलनेट मेम्बरशिप, पुस्तक रखने के लिए कॉम्पैक्ट खरीदा गया, इन सभी में इन्वेस्टमेंट किया गया। महाविद्यालय के पुस्तकालय में समाचार पत्र–पत्रिकाएं भी नियमित रूप से मंगवाए जाते हैं इसके साथ ही टीचिंग स्टाफ में रिसर्च को बढावा देने के लिए पुस्तकालय में डेलनेट/**n-list/british lib of counsil** की सुविधा भी उपलब्ध है जिसमें सभी महत्वपूर्ण जनरल में प्रकाशित शोध–पत्र उपलब्ध होते है। पुस्तकालय में डॉ. सुनीता बामल तथा श्री धर्मेंद्र सिंह–रेस्टोरर के सहयोग से कार्य सुचारू रूप से चल रहा है।

19. **E -Lounge :** महाविद्यालय के विद्यार्थी इनटरनेट तथा **wi-fi** का लाभ उठा सकें इसके लिए पुस्तकालय में विद्यार्थियों को कोविड–19 की इस वैश्विक महामारी के दौरान ऑनलाइन ऐजूकेशन को ध्यान में रखते हुए इन्टरनेट को मुलभूत आवश्यक्ता मानते हुए **E-Lounge** स्थापित की गयी है जिसमें विद्यार्थियों का सभी सुविधाएं प्रदान की गयी है।

20. **ऐजुसेट :** सत्र 2021–22 ऐजुसेट जी सेट–3 जो एजुसेट के रूप में जाना जाता है। यह पहला समर्पित शिक्षा उपग्रह है। हमारे महाविद्यालय में इसके प्रभारी श्री अनिल कुमार है।

21. **लैंग्वेज लैब :** भाषा प्रयोगशाला–मूल भाषा कौशल पद्धति को विकसित करता है। महाविद्यालय में अंग्रेजी लैंग्वेज लैब की इंचार्ज डॉ. मीनाक्षी है।

22. **वोट जागरूकता अभियान** : महाविद्यालय में विद्यार्थीयों को वोट बनवाने के लिए जागरूक किया जाता है। 25 जनवरी 2022 को **नेशनल वोटर डे** मनाया गया तथा विद्यार्थियों को संविधान के प्रति वफादारी की शपथ दिलाई गई।

**23. पढ़ो और कमाना योजना:** महाविद्यालय में एक कल्याणकारी **(Earn While Your Learn)** योजना है। इसका उद्देश्य छात्राओं में स्वालंबन की भावना विकसित करना है। इस योजना के तहत महाविद्यालय की छात्र–छात्राओं को चुना गया जिन पर इस योजना में 20000/– रू की राशि खर्च की गयी, इस योजना के तहत चुने गए विद्यार्थियो ने लाइब्रेरी, कार्यालय, गणित लैब प्लेसमेंट सेल, **IQAC Cell, University Work,** कम्प्यूटर लैब व मनाविज्ञान लैब में अपने खाली समय में प्रतिदिन एक घण्टा काम किया जिसके लिए उन्हें 100 रूपये प्रतिदीन के हिसब से दिया गया है। इस योजना की प्रभारी श्रीमती सरोज बाला है।

**24. उद्यमशीलता और स्र्टाटअप इंडिया** : यह भारत सरकार की एक प्रमुख पहल है जिसका उद्देश्य देश में स्टार्टअप और नए विचारों के लिए एक मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र का निमार्ण करना है **DGHE** पंचकुला के निर्देष अनुसार महाविद्यालय में स्टार्टअप इंडिया के तहत उद्यमशीलता समूह का गठन किया गया है। यहाँ पर विद्यार्थी अपने नए स्टार्टअप समस्त जानकारी रजिस्टर करवा सकते है। इसका जिलास्तरीय सेन्टर हिसार में है।

**25. राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) :** सामाजिक वातावरण को सही दिशा में ले जाने के लिए जरूरी है कि महाविद्यालय में अध्ययन युवा वर्ग सामाजिक उत्पान कार्यों में अपनी भूमिका सही अर्थो में दर्ज करें। इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना की गई है। राष्ट्रीय सेवा योजना यानी **NSS** राष्ट्र की युवा शक्ति के व्यक्तित्व विकास हेतु युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित एक सक्रिय कार्यक्रम है। इसकी गतिविधियों में भाग लेने वाले विद्यार्थी समाज के लोगों के साथ मिलकर समाज के हित का कार्य करते हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट मे श्री सोनू के निर्देशन में फिट इंडिया, सद्भावना दिवस, पोषण अभियान, प्लास्टिक वेस्ट फ्री कैम्पस, राष्ट्रीय यूनिट दिवस, श्रमदान अभियान, नशामुक्ति पर व्यायाम, योग वर्कशॉप, जिलास्त्तर पर जागरूकता दिवस अभियान आयोजित किए गए। इसी युनिट के अंतर्गत जलशक्ति अभियान 1 दिवसीय **NSS** कैम्प का आयोजन किया गया है। **कोविड–19** की इस वैश्विक महामारी के दौरान भी राजकीय महाविद्यालय, नलवा के **NSS** विद्यार्थियों ने कोविड वीर बनकर समाज को महामारी से बचाव हेतु सतर्क करते हुए जागरूक किया।

**26. रक्तदान शिविर: NSS** कमेटी व रेड रिबन कमेटी के द्वारा फरवरी व अप्रैल माह में कोविड–19 की वैश्विक महामारी को ध्यान में रखते हुए रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सभी के सहायोग से फरवरी माह में 60 युनिट व अप्रैल माह में रेड रिबन कमेटी के द्वारा आयोजित शिविर में 52 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इसके लिए **NSS** व रेड रिबन कमेटी बधाई की पात्र है।

**27. कोविड–19 :** सत्र 2021–22 की सबसे बड़ी त्रासदी कोविड–19। यह विश्व महामारी के रूप में फैला हुआ है, जिसका संक्रमण अत्यंत तेजी से पहुंचता है, भारत सरकार ने इसके चलत

मार्च 2021 को  पूरे देश में लॉक डाउन कर दिया था। इस वैश्विक महामारी से विद्यार्थियों को सुरक्षित रखने के लिए महाविद्यालय में निरंतर जागरूकता अभियान चलाए गए। फरवरी माह में मेंटर ग्रुप्स में विद्यार्थियों को इससे संबंधित जानकारी दी गई तथा इसके संक्रमण के बारे में बताया। स्वयं को सुरक्षित रखने के उपाय भी मेंटर ग्रुप में बताए बए, इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों को सोशल डिस्टेंसिंग का पालन, मास्क पहनने तथा बार–बार हाथ धोने की प्रक्रिया के बारे में निर्देश दिए गए। इस सत्र के सभी मेंटर ग्रुप्स में बताया गया यदि कोई व्यक्ति संक्रमित हो जाता है, उसे किस प्रकार से स्वयं दुसरों से अलग रखना है महाविद्यालय में कई स्थानों पर हाथ धोने का प्रबंध किया गया, जगह–जगह सैनिटाइजर रखा गया। इसके लिए श्री शैलेन्द्र सिंह बधाई के पात्र हैं।

**28. महिला प्रकोष्ठ :** सत्र 2021–22 में इस प्रकोष्ठ ने एक दिवसीय आर्ट एण्ड क्राफ्ट वर्कशॉप, विस्तार व्याख्यान व सफल आयोजन किया गया। इस प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ. कविता खरींटा हैं।

**29. विज्ञान प्रर्दशनी :** विज्ञान प्रर्दशनी में सत्र 2021–22 में नवम्बर माह को महाविद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में महाविद्यालय के कम्प्यूटर विभाग, मनोविज्ञान विभाग व रसायनशस्त्र से दो–दो मॉडल बनाये गए जिसमें भोड़ीया खेरा में मनाविज्ञान विभाग के मॉडल को जिला स्तरीय 3 स्थान प्राप्त हुआ। विज्ञान प्रदर्शनी की संयोजिका डॉ. सुदेश राठी हैं।

**30. ग्रीन केम्पस** : महाविद्यालय ग्रामीण अंचल तथा मरूस्थलीय जोन में स्थित है इसलिए अतिरिक्त प्रयासों से महाविद्यालय को हरा भरा रखने के लिए प्रत्येक वर्ष पौधारोपण किया जाता है। सत्र 2021–22 में इस दिशा में विशेष प्रयास किए गए तथा श्री राजीव कुमार – सहायक प्रोफेसर, भूगोल विभाग ने महाविद्यालय में पौधारोपण करवाएं।

**31. राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (RUSA)** : राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान भारत सरकार की प्रायोजित योजना है। रूसा के तहत सत्र 2015–16 में महाविद्यालय को 2 करोड़ की राशि प्रदान की गई। इस अनुदान का उपयोग पुस्तकालय के विकास ई–लाउंज, मनोविज्ञान लैब, स्टाफ रूम, बरसर कक्ष, बरसर कक्ष, सांस्कृतिक विकास और विज्ञान लैब के विकास में किया गया। 2 करोड़ की राशि महाविद्यालय में निर्माण नवीनीकरण तथा उपकरणों पर उपयोग करने के लिए प्रदान की गई। यह राशि तीन घटकों में प्रयोग की गई–

(1) निर्माण घटक – 100% उपयोग (रू० 74.72 लाख)

(2) उन्नयन घटक – 99.97% उपयोग (6998300/–)

(3) उपकरण घटक – 99.89% उपयोग (5993737/–)

यह हमारे लिए गर्व की बात है कि पूरे हरियाणा राज्य में केवल दो ग्रामीण महाविद्यालयों

को यह राशि दी गई जिसमें हमारे महाविद्यालय का नाम भी प्रतिष्ठित है। इसके प्रभारी (रूसा) इंचार्ज श्री अनिल कुमार (सहा॰ प्रो॰ वाणिज्य संकाय) हैं।

32. **कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ :** महाविद्यालय के कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ॰ अशोक यादव की सयोंजकता में दिनांक 26 नवम्बर 2021 को राष्ट्रीय संविधान दिवस पर निबन्ध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। अक्टूबर 2021 में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया।

33. **सड़क सुरक्षा प्रकोष्ठ :** इस प्रकोष्ठ के तहत श्री अशोक कुमार के निर्देशन में सत्र 2021–22 में सड़क सुरक्षा जागरूकता लाने के लिए ऑनलाइन विद्यार्थियों को बताया गया।

34. **मेंटर ग्रुप :** महाविद्यालय में श्री शैलेन्द्र सिंह के नेतृत्व में मेंटर ग्रुप बनाए गए हैं। ऑनलाइन शिक्षा पद्धति में सत्र 2021–22 में मेंटर–मैनटी कम्यूनिकेशन में विद्यायर्थियों की समस्याओं का निवारण किया जाता है। मेंटर अपने ग्रुप के सभी विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षा व रोजगार से सम्बंधित जानकारी देते है।

35. **इको क्लब :** इको क्लब के प्रभारी श्रीमती मीना पानू है उनकी देखरेख में महाविद्यालय में पर्यावरण जैव विविधता जलवायु, स्थानीय पारीस्थिति की पोषण स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति महाविद्यालय में रोजगार लाने वाले कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं।

36. **रैगिंग विरोधी प्रकोष्ठ :** महाविद्यालय में विद्यार्थियों को रैगिंग के अनुचित उपयोग के चलते शारीरिक तथा मानसिक उत्पीड़न से बचाने के लिए इस प्रकोष्ठ के संयोजक श्री शैलेंद्र सिंह निरंतर प्रयासरत रहते हैं।

37. **छात्र शिकायत निवारण प्रकोष्ठ :** महाविद्यालय में विद्यार्थियों को कोई भी समस्या न आए इसके लिए छात्र शिकायत निवारण प्रकोष्ठ की स्थापना की गई है। इसकी प्रभारी वरिष्ठ प्रध्यापक श्री शैलेन्द्र सिंह – संस्कृत विभाग है।

38. **इंटरनल सिक्योरिटी सेल :** उच्चतर शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार कार्यस्थल पर महिला सुरक्षा को लेकर महाविद्यालय में श्रीमती शैलेन्द्र सिंह के निर्देशन में इंटरनल सिक्योरिटी सेल का गठन किया गया है।

39. **यौन उत्पीड़न विरोधी प्रकोष्ठ :** महाविद्यालय में छात्राओं को सुरक्षित तथा यौन उत्पीड़न से मुक्त वातावरण उपलब्ध करवाने के लिए डॉ. मिनाक्षी शर्मा के नेतृत्व में यह प्रकोष्ठ निरंतर प्रयासरत् रहता है।

40. **हेल्थ एण्ड सेनेटायिजेसन कमेटी** : कोरोना महामारी के दौरान स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति ने हरियाणा सरकार द्वारा जारी महामारी अलर्ट की अक्षर अनु पालना की महामारी को नियंत्रित करने के लिए महाविद्यालय के प्रवेश द्वार व अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर सैनिटाइजर

मशीन व सैनिटाइजर की व्यवस्था की गई प्रवेश द्वार पर थर्मल स्कैनर और सैनिटाइजर की व्यवस्था की गई ताकि कोरोना ग्रस्त वयक्ति को महाविद्यालय में प्रवेश ही ना मिले हर एक हाथा धोने के स्थान पर साबुन की व्यवस्था की गई महाविद्यालय में छात्रों के मध्य जागरूकता पैदा करने के लिए विभिन्न स्थानों पर पोस्टर लगाए गए कोविड–19 टीकाकरण कैम्प लगाया गया मेंटर ग्रुप के माध्यम से अधिकतम छात्रों का टीकाकरण सुनिश्चित किया गया इसकी दैनिक रिपोर्ट जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी को दी जाती थी हेल्थ और स्वच्छता समिति के द्वारा समय–समय पर स्वच्छता का निरीक्षण किया जाता है वह साफ सफाई के लिए सफाई कर्मचारियों को क्लीनिंग मैटेरियल भी दिया जाता है महाविद्यालय में एक सुसज्जित फर्स्ट एड रूम है जिसके पास फर्स्ट एड किट बैग पंखे आदि आधारभूत सूविधाएं हैं यहां छोटे–मोटे चोटों के को फर्स्ट एड के माध्यम से उपचार किया जाता है महाविद्यालय में समावेशी शिक्षा के लिए विकलांग छात्रों को व्हीलचेयर का भी प्रावधान महाविद्यालय में विभिन्न समितियों की सहायता से हे जैसे एन.एस.एस, रेट क्रॉस, रेड रिबन के साथ मिलकर महामारी रोकने में जागरूकता अभियान चलाए गए महाविद्यालय में 10 दिसम्बर 2021 और 2 अप्रैल 2022 को रक्तदान शिविर में सहभगिता रही। इसकी प्रभारी डॉ. मिनाक्षी शर्मा हैं।

41. **सांस्कृतिक समिति :** महाविद्यालय में सत्र 2021–22 में 29 सितम्बर को राज्य स्तरीय गायन प्रतियोगिता करवाई गई। 10 फरवरी 2022 को राज्य स्तरीय पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता करवाई गई। वैश्विक महामारी के चलते ये दोनों गतिविधियां ऑनलाइन आयोजित की गई। इस प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ. सुनीता बामल है।

42. **स्पोर्ट्स विभाग :** सत्र 2021–22 में स्पोर्ट्स विभाग द्वारा श्री दीपक आर्य के सहयोग से महाविद्यालय में दो दिवसीय पनुअल एथलेटिक मीट करवाई गई जिसमें मुख्य अतिथि की भूमिका महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य श्री जगदीश चहल व समाज सेवी श्री सुशील कौशिक ने निभाई।

43. **कैंटीन की सुविधा :** सत्र 2021–22 में इतिहास विभाग से सेवानिवृत प्रोफेसर सुनीता संदीप के बहुमूल्य योगदान से महाविद्यालय में कैंटीन की स्थापना की गई जिससे महाविद्यालय में विद्यार्थियों व स्टाफ को लघु जलपान की सुविधा हो गई।

44. **एलुमनाई कमेटी :** महाविद्यालय में समय पर वरिष्ठ प्राध्यापक श्री शैलेंद्र सिंह के निर्देशन में एलुमनाई मीट भी करवाई जाती है। इसके संयोजक श्री राजीव कुमार है।

45. **छात्रवृत्तियां :** महाविद्यालय में विद्यार्थियों को उच्चतर निदेशालय के निर्देशानुसार स्कॉलरशिप दी जाती है। जिसमें **SC** स्कॉलशिप की इंचार्ज श्री अनिल कुमार सहायक प्रोफसर (कॉमर्स) व अन्य स्कॉरशिप की इंचार्ज श्रीमती डॉ. सुनीता सहायक प्रोफेसर मनोविज्ञान विभाग है।

46. **प्लेसमेंट सेल :** महाविद्यालय में प्लेसमेंट प्रकोष्ठ सक्रिय रूप से कार्यरत है। इस प्रकोष्ठ की प्रभारी श्री अनिल कुमार सहायक प्रोफेसर – वाणिज्य के संयोजन सत्र 2021–22 में फरवरी 2022 ''**Career Guidance & Skill Development**'' विषय पर एक विस्तार व्याख्यान के आयोजन किया गया।

47. **Repair of Furniture & Other Sanitary Item**: महाविद्यालय में विद्यार्थियों की सुविधा के लिए फर्नीचर को मेंटेन रखने में श्री वीरेंद्र सिंह सहायक प्रोफेसर हिंदी महत्वपूर्ण सहयोग सराहनीय है।

48. **Result Committee**: सत्र 2021–22 में महाविद्यालय का परीक्षा परिणाम **100%.**

49. **E-Magazine**: महाविद्यालय में के **Women Empowerment** तथ्य को ध्यान में रखते हुए ऑनलाइन ''पंख'' पत्रिका का प्रकाशन किया जाता है। जिसकी संपादिका डॉ. वंदना शर्मा (सहायक प्रोफसर–हिंदी) हैं।

50. **मुलभूत आवश्यक्ताएं :** ग्रामीण अंचल में स्थित इस महाविद्यालय की मूलभूत आवश्यक्ताओं की ओर मैं आपका ध्यान दिलाना चाहुंगी कि महाविद्यालय में खेल के मैदान की सख्त आवश्यक्ता है, इससे सम्बंधित मांग डिप्टी स्पीकर श्री रणबीर सिंह गंगवा जी के समक्ष रखी जा चुकी है। महाविद्यालय के लिए 10 कमरों के एक टीचिंग ब्लॉक को निदेशालय द्वारा मंजूरी दी जा चुकी है, इसके शीघ्र निर्माण की आवश्यक्ता है। महाविद्यालय परिसर में एक मल्टीपरपज हॉल हैं।

51. **सब्जेक्ट सोसायटी:** महाविद्यालय में विद्यार्थियों से सम्बंधित विषयों के पाठ्यक्रम के अतिरिक्त ज्ञान देने के लिए विभिन्न विषयों की समितियों का गठन किया गया है। इन विषयों के विभागाध्यक्ष समय–समय पर प्रतियोगिताएं करवाते रहते हैं। प्रत्येक विषय की सब्जेक्ट सोसायटी को प्रत्येक समेस्टर में दो गतिविधियां करवानी अनिवार्य है। जिसका निर्वहन सत्र 2021–22 में महाविद्यालय में ऑनलाइन ऑफलाइन माध्यम से किया गया, जिनमें प्रमुख गतिविधियों का वर्णन प्रमुख रूप से किया गया।

52. **राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं:**

1. 29 सितम्बर 2021 को सांस्कृतिक कमेटी द्वारा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता करवाई गई।
2. On 27 November, 2021 a National conference on "Recent Advances in Mathematical & Comutational Sciences" (in Virtual Mode) was jointly organized by Deptt. of Mathematics & Computer Science under the agis of DGHE, Pkl.
3. On December 9, 2021 A National conference on, सवैश्विक पटलपर हिंदी : दशा व दिशा'' (ऑनलाइन) organized by Deptt. of Hindi under the agis of DGHE Pkl.

4. On January 10, 2022 A National level essay competition of 'World Hindi Day' organised by Deptt. of Hindi in the Convenorship of Dr. Vandana Sharma.

5. On September 29, 2021 A State Level online singing competition organized by Cultural Committee.

6. On February 10, 2022 A state Level Online Poster Making competition organized by Cultural Committee.

Research Work/Couses/Training/FDP/Workshops

1. Published a research paper by Sh. Anil Kumar Assista Prof. Commerce enttled' Imact of Denonetisation on Indian stock market with special reference to NSE 'web of Science journal' " Vidyabharti International Research Journal" in October 2021 ISSn 2319-979.

2. Paper Published By Dr. Komal Malik Assistant Prof.-Eco. entitled "Performance of Primary Agricultural Situation in India, Vol 78, pp2-31, September 2021."

3. Paper published by Dr. Ashok Assistant Prof. English entitled Malgudi as a plateform in R.K. Naryana works in international journal 'IJEMMASSS' ISSN No. 2581-9925 March 2022.

4. Paper Published By Dr. Vandana Sharma Assistant Prof. Deptt .of Hindi entitled " ʻʻ भाषा विज्ञान : विज्ञान अथवा कलाʼʼ published in VIDYAWARTA (Peer-Reviewed International Journal) ISSN :2319-9318 April-June 2022 ISSUE - 42,Vol-01.

5. Paper Published By Dr. Vandana Sharma & Dr. Virender Singh Assistant Prof.-Hindi entiled in ʻʻराष्ट्रीय एकता का सृजन एवं संत समाजʼʼ in 'AKSHARWARTA' (international Multidisciplinary Research Journal) ISSN 2349-7521Vol XVII,Issue No.5 March 2022

6. A training attand by Dr. Sudesh Rathi on "Soil and Irrigation Water Testing" at CCS HAU, Hisar from Feb. 14-18, 2022.

**Orintation /Refresher Course**

1. Sh. Deepak Arya& Sh. Rajiv Kumar did Orientation Course From Ramanujan College (DU) From. Aug.14-

2. Smt Saroj Bala did her Refresher Course TLC Ramanujan College From Aug. 01-14 2021

3. Sh. Anil Kumar did Refresher Course TLC Ramanujan College From15th Sept. 2021-28th Sept. 2022

4. Dr. Pooja Rani did Refresher Course TLC Ramanujan College From.Nov 20-4Dec.2021

5. Dr. Virender Singh did Refresher Course TLC Ramanujan College From

6. Dr. Vandana Sharma did EDP(executive development programme course from TLC Ramanujan Collge From Oct 03,2021- 08 Jan,2022

सेवानिवृति संदेश : 31 अगस्त 2021 को श्रीमती सुनीता संदीप एसोसिएट प्रोफसर – इतिहास विभाग से सेवानिवृत्त हुए।

**आह्वान :** कॉलेज को निरन्तर प्रगति पथ पर अग्रसर करने वाले सभी प्राध्यापक गण सर्वप्रथम धन्यवाद के पात्र हैं। जिनके निरन्तर प्रोत्साहन तथा प्रेरेणा से महाविद्यालय में अनुशासन व्यवस्था स्थापित होने के साथ कोविड–19 की महामारी के दौरान भी शिक्षण कार्य सुचारू रूप से चलता है। वर्तमान प्रदुषित वातावरण में भी महाविद्यालय को हरा भरा रखने के लिए तथा **Green Campus** मिशन के उद्देश्य को पूरा करने में प्रयासरत **ECO Club** का भी मैं सहृदय से धन्यवाद करती हूँ। ऑफिस का सुचारू रूप से चलाने के लिए श्री विनोद गुप्ता डिप्टी सुपरिटेंडेट, श्री आनंद सिंह अस्सिटैंट, श्री साधुराम तथा श्री मुकेश **Clerk** भी धन्यवाद के पात्र है। महाविद्यालय में सहयोग देने के लिए तथा सभी छात्राओं का उत्साहवर्धन करने के लिए प्रतिमाह 500/– रू० की छात्रवृत्ति प्रदान करने के लिए तथा दो टॉपर विद्यार्थियों को गोल्ड मैडल देने के लिए श्री सीताराम जी जिन्दल **CMD Sita Ram Jindal Trust, New Delhi** का भी धन्यवाद करती हूँ।

धन्यवाद।

**श्रीमती लीना काजल**
प्राचार्या
राजकीय महाविद्यालय, नलवा (हिसार)